प्रेषक,

नीरज यादव
अपर सिविल जज (जू०डि०)

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक
माननीय उच्च न्यायालय
इलाहाबाद

द्वारा,

प्रभारी निदेशक
न्यायिक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान उ०प्र०।
लखनऊ।

विषय:- संघ लोक सेवा आयोग 2024-25 में आवेदन करने की अनुमति/अनापत्ति प्रदान किए जाने हेतु अनुरोध पत्र:-

महोदय:-

विनम्र अनुरोध है कि अधोहस्ताक्षरी की नियुक्ति माननीय उच्च न्यायालय की विज्ञप्ति संख्या-150 एडमिन (सेवाएं)/ 2024 दिनांक 05.01.2024 के द्वारा अपर सिविल जज (जू०डि०) सुल्तानपुर के पद पर हुई है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 19.01.2024 को अपर सिविल जज सुल्तानपुर के पद पर कार्यभार ग्रहण कर लिया गया।

अधोहस्ताक्षरी संघ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या - 05/2024 सी०एस०पी० के अंतर्गत विज्ञप्ति सिविल सर्विसेज परीक्षा 2024 में आवेदन करना चाहता है। ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि दिनांक- 05.03.2024 है।

अतः श्रीमान् जी से विनम्र अनुरोध है कि अधोहस्ताक्षरी को संघ लोक सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या-05/2024 -सी०एस०पी० के अंतर्गत विज्ञप्ति सिविल सर्विसेज परीक्षा 2024 में आवेदन करने की अनुमति/अनापत्ति प्रदान करने हेतु अधोहस्ताक्षरी का आवेदन माननीय न्यायालय के कृपा पूर्ण अवलोकन हेतु प्रस्तुत करने की कृपा करें।

भवदीय:

23.02.2024

नीरज यादव
अपर सिविल जज (जू०डि०)
सुल्तानपुर।

संलग्नक: संघ लोक सेवा आयोग, विज्ञापन संख्या- 05/2024 सी०एस०पी०।